Exam Date :- 03/10/2021 [M]

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 32
Number of Pages in Booklet : 32
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150
**Paper Code : 43**
**Sub: Zoology-I**

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या / **Question Paper Booklet No.**

# APCE-12

8274541

## Paper - I

**समय : 3.00 घण्टे**
**Time : 3.00 Hours**

**अधिकतम अंक : 75**
**Maximum Marks : 75**

**प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**
**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Paper Booklet the candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same. If there is any difference, candidate must obtain another Question Paper Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. OMR उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा** । गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

1. रैब्डोम पाया जाता है
(1) कीट के नेत्रों में
(2) मानव के कॉर्निआ में
(3) ऐनेलिडा के स्टेटोसिस्ट में
(4) मोलस्का के नेत्रों में

2. मिलान करें और सही विकल्प चुनें :

| | नाम | | सामान्य नाम |
|---|---|---|---|
| A. | डैफ्निया | i. | जलयान खंडावर |
| B. | लीपेस | ii. | सीपी चिंगर |
| C. | साइप्रिस | iii. | जल पिस्सु |
| D. | हिप्पा | iv. | छुछुन्दर केकड़े |

विकल्प :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | ii | iv |
| (2) | i | iv | ii | iii |
| (3) | iii | i | iv | ii |
| (4) | i | ii | iii | iv |

3. शृंगिकाएँ अनुपस्थित होती हैं
(1) ड्रैगन मक्खी
(2) मकड़ी
(3) झींगा
(4) पेरिपेट्स

4. ट्रोफैलेक्सिस क्या होता है ?
(1) कीटों में भोजन का परस्पर आदान-प्रदान
(2) कीटों में संदेश का स्पर्श द्वारा परस्पर आदान-प्रदान
(3) कीटों में ध्वनि द्वारा संदेश का परस्पर आदान-प्रदान
(4) कीटों में पैतृक देखभाल

5. कोरकगुहा से विकसित होने पर देहगुहा कहलाती है :
(1) हीमोसील
(2) शाइजोसील
(3) स्यूडोसील
(4) एन्टीरोसील

1. Rhabdome is found in
(1) eyes of insects
(2) cornea of human
(3) statocyst of annelida
(4) eyes of mollusca

2. Match and select correct option :

| | Name | | Common name |
|---|---|---|---|
| A. | Daphnia | i. | Ship barnacle |
| B. | Lepas | ii. | Mussel shrimp |
| C. | Cypris | iii. | Water flea |
| D. | Hippa | iv. | Mole crab |

Option :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | ii | iv |
| (2) | i | iv | ii | iii |
| (3) | iii | i | iv | ii |
| (4) | i | ii | iii | iv |

3. Antennae are absent in
(1) Dragon fly
(2) Spider
(3) Prawn
(4) Peripatus

4. What is Trophallaxis ?
(1) Exchange of food between insects
(2) Exchange of message through touch between insects
(3) Exchange of message through sound between insects
(4) Parental care in insects

5. Coelom when derived from blastocoel is called :
(1) Haemocoel
(2) Schizocoel
(3) Pseudocoel
(4) Enterocoel

6. यूनियो का लारवा है
(1) ग्लोचीडियम
(2) सरकेरिया
(3) वेलिजर
(4) प्लैनुला

7. किसके जीवनकाल में लारवा नहीं पाया जाता है ?
(1) एस्कारिस
(2) टीनिया
(3) मेंढक
(4) फेरीटिमा

8. बिच्छु में रुधिर वर्णक है
(1) एरिथ्रोसायनिन
(2) हीमोसायनिन
(3) हीमोग्लोबिन
(4) गामाग्लोबिन

9. ऐस्कारिस के जीवन चक्र में डिम्बक का अन्तिम निर्मोचन होता है ?
(1) मिट्टी में
(2) पोषक के फुफ्फुस में
(3) पोषक के आंत्र में
(4) पोषक के यकृत में

10. कारपोरा कार्डियका है
(1) कीटो की लार ग्रंथियाँ
(2) कीटों की अन्तःस्रावी अंग
(3) कीटों के उत्सर्जी अंग
(4) इनमें से कोई नहीं

11. झींगा का उत्सर्जी अंग है :
(1) हरित ग्रन्थि
(2) कॉक्सल ग्रन्थि
(3) मैल्पीगी नलिकाएँ
(4) वायु नालें

6. Larva of Unio is
(1) Glochidium
(2) Cercaria
(3) Veliger
(4) Planula

7. Larva is not found in the life history of
(1) Ascaris
(2) Taenia
(3) Frog
(4) Pheretima

8. Blood pigment in Scorpion
(1) Erythrocynin
(2) Haemocynin
(3) Haemoglobin
(4) Gamaglobin

9. Final moult of the larva in the life cycle of Ascaris takes place in
(1) Soil
(2) Lungs of host
(3) Intestine of host
(4) Liver of host

10. Corpora cardiaca is :
(1) Salivary glands of Insects
(2) Endocrine organs of Insects
(3) Excretory organs of Insects
(4) None of these

11. Excretory organs of Prawn is
(1) Green glands
(2) Coxal glands
(3) Malpighian tubules
(4) Trachae

12. ऑरेलिआ में संतुलन का नियंत्रण करते हैं
(1) अरीय पेशियों से
(2) निमेटोसिस्ट से
(3) टेन्टाकुलोसिस्ट से
(4) लोचन युक्त तंतु से

13. फैरेटिमा पोस्थुमा के प्रगुही द्रव में पाये जाने वाली क्लोरेगोजेन कोशिकाएँ सहायक होती है
(1) उत्सर्जन में
(2) श्वसन में
(3) जनन में
(4) परिसंचारण में

14. आहर नाल के चारों ओर एक वास्तविक पर्यतरंग प्रगुहिका अनुपस्थित होती है
(1) हिरुडिनेरिआ में
(2) फेरिटिमा में
(3) निएन्थीस में
(4) इनमें से कोई नहीं

15. एफ्रोडाइट के पृष्ठ सतह पर कितने जोड़ी पक्षवर्म उपस्थित होते हैं ?
(1) 15 जोड़ी
(2) 16 जोड़ी
(3) 30 जोड़ी
(4) 32 जोड़ी

16. पाइला का उत्सर्जी अंग है :
(1) जलेक्षिका
(2) केबर का अंग
(3) बोजानस का अंग
(4) रैडुला

17. अरस्तू की लालटेन पायी जाती है :
(1) तारा मछली में
(2) समुद्री एनिमोन में
(3) समुद्री अर्चिन में
(4) समुद्री चूहे में

12. In Aurilia equilibrium is controlled by
(1) radial muscles
(2) nematocyst
(3) tentaculocysts
(4) elastic fibre

13. Chloragogen cells found in coelomic fluid of Pheretima *posthuma* helps in
(1) Excretion
(2) Respiration
(3) Reproduction
(4) Circulation

14. A true perivisceral coeloms around alimentary canal is not present in –
(1) Hirudinaria
(2) Pheretima
(3) Neanthes
(4) None of these

15. How many pairs of elytra are found on dorsal surface of Aphrodite ?
(1) 15 pairs
(2) 16 pairs
(3) 30 pairs
(4) 32 pairs

16. Excretory organ of Pila is
(1) Osphradium
(2) Keber's organ
(3) Organ of Bojanas
(4) Redula

17. Aristotle's lantern is found in :
(1) Star fish
(2) Sea anemone
(3) Sea urchin
(4) Sea mouse

18. निम्न में से कौन ऐनेलिडा व मोलस्का की संयोजक कड़ी है ?
(1) नॉटिलस
(2) नियोपाइलिना
(3) पेरीपेटस
(4) लिम्निया

19. अनिषेकजनन का प्रकार जिसमें नर का परिवर्धन अनिषेचित अण्ड तथा मादा का परिवर्धन निषेचित अण्ड से होता है, कहलाता है
(1) गायनोजिनेसिस
(2) अरहेनोटॉकी
(3) थेलीटॉकी
(4) एण्ड्रोजिनेसिस

20. मसि (स्याही) ग्रंथि पायी जाती है
(1) सीपिआ में
(2) मिटिलस में
(3) घोघें में
(4) इन सभी में

21. लॉरर की नली पायी जाती है
(1) टीनिया में
(2) फेसिओला में
(3) ऐस्केरिस में
(4) इनमें से कोई नहीं

22. वर्ग सिफैलोपोडा में ऐसे प्राणी है जिनमें होता है –
(1) रेडियल बॉडी सिमेट्री होती है ।
(2) नोटोकॉर्ड शीर्ष तक पहुँचती है ।
(3) पाद शीर्ष पर स्थित है ।
(4) शीर्ष वक्ष से जुड़ा हुआ है ।

23. ऐम्फीऑक्सस में, प्रगुहा होती है –
(1) कूट प्रगुहा
(2) शइजोसीलिक
(3) आन्त्रगुहीक
(4) अनुपस्थित

18. Which one is a connecting link between Annelida and Mollusca ?
(1) Nautilus
(2) Neopilina
(3) Peripatus
(4) Lymnaea

19. The type of parthenogenesis, in which male develops from unfertilised egg and the female from fertilised egg, is known as :
(1) Gynogenesis
(2) Arrhenotoky
(3) Thelytoky
(4) Androgenesis

20. Ink gland present in
(1) Sepia
(2) Mytilus
(3) Pila
(4) All of these

21. Laurer's canal is present in
(1) Taenia
(2) Fasciola
(3) Ascaris
(4) None of these

22. Class Cephalopoda includes animals which have –
(1) Radial body symmetry
(2) Notochord extends upto head
(3) Foot located on head
(4) Head fused with thorax

23. In Amphioxus, Coelom is
(1) Pseudocoelom
(2) Schizocoelic
(3) Enterocoelic
(4) Absent

24. हैट्शेक वृक्कक पाया जाता है
(1) हर्डमेनिया की आहार नाल में
(2) हर्डमेनिया की तंत्रिका ग्रंथि में
(3) ब्रैंकिओस्टोमा के मुखछद पर
(4) बैलैनोग्लोसस की कॉलर में

25. वाताशय अथवा वायु आशय अनुपस्थित होता है
(1) हार्पोडोन (बाम्बे डक)
(2) साइप्रिनस (कार्प)
(3) लेबिओ (रोहू)
(4) वलैगो (लाची)

26. हाथी का दन्त सूत्र है
(1) $\frac{1\cdot0\cdot0\cdot3}{0\cdot0\cdot0\cdot1}$
(2) $\frac{1\cdot0\cdot0\cdot3}{0\cdot0\cdot0\cdot3}$
(3) $\frac{1\cdot0\cdot3\cdot0}{0\cdot0\cdot3\cdot0}$
(4) $\frac{1\cdot0\cdot0\cdot0}{0\cdot0\cdot0\cdot1}$

27. निम्न में से कौन सा उभयचर जीवन-पर्यन्त जल में रहते हैं ?
(1) ऐम्बीस्टोमा
(2) ज़ेनोपस
(3) सैलामेंड्रा
(4) साइरेन

28. निम्न में कौन केवल भारत में पाया जाता है तथा लुप्त होने के कगार पर है ?
(1) क्रोकोडिलस
(2) ऐलीगेटर
(3) ग्रेविएलिस
(4) कैमेन

24. Hatschek's nephridium is found in
(1) Alimentary canal of Herdmania
(2) Neural gland of Herdmania
(3) Oral hood of Branchiostoma
(4) Collar of Balanoglossus

25. Swim bladder or air bladder is absent in
(1) Harpodon (Bombay duck)
(2) Cyprinus (Carp)
(3) Labeo (Rohu)
(4) Wallago (Lachi)

26. Dental formula in Elephant is
(1) $\frac{1\cdot0\cdot0\cdot3}{0\cdot0\cdot0\cdot1}$
(2) $\frac{1\cdot0\cdot0\cdot3}{0\cdot0\cdot0\cdot3}$
(3) $\frac{1\cdot0\cdot3\cdot0}{0\cdot0\cdot3\cdot0}$
(4) $\frac{1\cdot0\cdot0\cdot0}{0\cdot0\cdot0\cdot1}$

27. Which of the following amphibian are aquatic throughout life ?
(1) Ambystoma
(2) Xenopus
(3) Salamandra
(4) Siren

28. Which of the following is found only in India and is on the verge of extinction?
(1) Crocodylus
(2) Alligator
(3) Gravialis
(4) Caiman

29. अति अथवा पूर्ण चिरभ्रूणता नहीं पायी जाती है
(1) नेक्ट्यूरस में
(2) साइरन में
(3) प्रोटियस में
(4) ऐक्सोलोटल लार्वा में

30. बैलैनोग्लोसस की शरीर भित्ति में क्या अनुपस्थित होता है ?
(1) एपिडर्मिस
(2) डर्मिस
(3) आधारी झिल्ली
(4) चषक ग्रन्थि कोशिकाएँ

31. निम्न में से कौन सा जलीय स्तनधारी नहीं है ?
(1) डॉल्फीन
(2) सील
(3) व्हेल
(4) पेंगुइन

32. "वास्तविक शृंग" पाये जाते हैं
(1) मृग में
(2) जिराफ़ में
(3) गैंडे में
(4) बकरियों में

33. कपाल किसका एक भाग होता है ?
(1) डर्मेटोक्रेनियम
(2) स्प्लैंक्नोक्रेनियम
(3) अन्तरंग कंकाल
(4) न्यूरोक्रेनियम

34. वयस्क कशेरुकियों में ग्रासनली की व्युत्पत्ति है
(1) आद्य आंत्र से
(2) अग्रांत्र से
(3) मध्यांत्र से
(4) पश्चांत्र से

29. Extreme or total neoteny is not found in
(1) Necturus
(2) Siren
(3) Proteus
(4) Axolotl larva

30. What is absent in body wall of Balanoglossus ?
(1) Epidermis
(2) Dermis
(3) Basement membrane
(4) Goblet gland cells

31. Which of the following is not an aquatic mammal ?
(1) Dolphin
(2) Seal
(3) Whale
(4) Penguin

32. "True Horns" are found in
(1) Deer
(2) Giraffes
(3) Rhinoceros
(4) Goat

33. Cranium is a constituent of
(1) Dermatocranium
(2) Splanchocranium
(3) Visceral skeleton
(4) Neurocranium

34. Oesophagus in adult vertebrates is derived from
(1) Primitive gut
(2) Fore gut
(3) Mid gut
(4) Hind gut

35. सरीसृप हृदय में पाया जाता है
(1) 2 अलिन्द एवं 2 निलय
(2) 2 अपूर्ण अलिन्द एवं 2 निलय
(3) 2 अलिन्द एवं 2 अपूर्ण निलय
(4) 2 अपूर्ण अलिन्द एवं 2 अपूर्ण निलय

36. वोल्फ़ी काय है
(1) आदिवृक्क
(2) प्राक्वृक्क
(3) मध्यवृक्क
(4) पश्चवृक्क

37. कशेरुकियों में कपाल तंत्रिका 'चक्रक' का उद्गम हुआ है
(1) मेडुला के पार्श्व से
(2) मध्य मस्तिष्क के पार्श्व से
(3) मेडुला के फर्श से
(4) मध्य मस्तिष्क के फर्श से

38. सहायक लैंगिक ग्रन्थियाँ पायी जाती हैं
(1) मत्स्य में
(2) एम्फीबिया में
(3) रेप्टीलिया में
(4) एविज़ में

39. नागों में विषदंत होते हैं
(1) परिनालिकीय
(2) अग्रविषदन्ती
(3) पश्चविषदन्ती
(4) अनुपस्थित

40. पक्षियों का मल पदार्थ जो खाद के रूप में बहुत प्रयोग किया जाता है, कहलाता है
(1) बुलेनो
(2) सर्वाइको
(3) ग्वानो
(4) फोस्फोरम

35. In reptilian heart is found
(1) 2 auricles and 2 ventricles
(2) 2 incomplete auricles and 2 ventricles
(3) 2 auricles and 2 incomplete ventricles
(4) 2 incomplete auricles and 2 incomplete ventricles

36. Wolffian body is –
(1) Archinephros
(2) Pronephros
(3) Mesonephros
(4) Metanephros

37. Cranial nerve "Trochlear" in vertebrates originates from
(1) Side of medulla
(2) Side of midbrain
(3) Floor of medulla
(4) Floor of midbrain

38. Accessary sex glands are found in
(1) Fish
(2) Amphibia
(3) Reptilia
(4) Aves

39. In cobra, fangs are –
(1) Solenoglyphous
(2) Proteroglyphous
(3) Opisthoglyphous
(4) Absent

40. The faecal matter of birds extensively used as fertilizer is called
(1) Bulano
(2) Cervico
(3) Guano
(4) Phosphorum

41. लौरेंजिनी तुंबिकायें हैं एक :
(1) रसायनग्राही
(2) तापग्राही
(3) यांत्रिकग्राही
(4) प्रकाशग्राही

42. ऐनम्नियोटस के वृक्क है :
(1) प्रोनेफ्ररोस
(2) मेसोनेफ्ररोस
(3) मेटानेफ्ररोस
(4) आर्किनेफ्ररोस

43. एक पालीय वाताशय पाये जाते हैं
(1) नियोसिरेटोडस
(2) प्रोटोप्टेरस
(3) प्रिस्टिस
(4) स्फिरना

44. एम्नियोटा में कपालीय तंत्रिकाओं की संख्या पायी जाती है
(1) 5 जोड़ी
(2) 10 जोड़ी
(3) 12 जोड़ी
(4) 15 जोड़ी

45. निम्नलिखित में से एक नर स्तनी में दंतविन्यास, वृषणकोष, बाह्य कर्णपल्लव नहीं पाये जाते हैं तथा चुचको रहित क्रियाशील स्तन ग्रंथियाँ पायी जाती है :
(1) पैरामीलीस
(2) एकिड्ना
(3) मकाका
(4) ऐरीनेशियस

41. Ampulla of Lorenzini is a
(1) Chemoreceptor
(2) Thermoreceptor
(3) Mechanoreceptor
(4) Photoreceptor

42. Kidney of anamniotes is :
(1) Pronephros
(2) Mesonephros
(3) Metanephros
(4) Archinephros

43. Single-lobed Swim-bladder is present in :
(1) Neoceratodus
(2) Protopterus
(3) Pristis
(4) Sphyrna

44. Number of cranial nerves present in amniotes :
(1) 5 pairs
(2) 10 pairs
(3) 12 pairs
(4) 15 pairs

45. Which one of the following male mammals lacks dentition, scrotal sac, external pinna and has functional mammary glands without teats ?
(1) Perameles
(2) Echidna
(3) Macaca
(4) Erinaceus

46. मेंढक के नेत्र में "अंध-बिन्दु" उपस्थित होते हैं। निम्न में से क्या "अंध बिन्दु" के लिए गलत है ?

(1) संशलाका का अभाव

(2) शंकुओं का अभाव

(3) प्रतिबिम्ब का निर्माण नहीं होता

(4) स्पष्ट प्रतिबिम्ब का निर्माण होता है।

47. मुर्गे में संत्रिक निर्मित होता है

(1) 12 जुड़ी हुयी कशेरुकों से

(2) 24 जुड़ी हुयी कशेरुकों से

(3) 16 जुड़ी हुयी कशेरुकों से

(4) 10 जुड़ी हुयी कशेरुकों से

48. अतिपीतकी अंडों में, विदलन होता है

(1) समान पूर्णभंजी

(2) असमान पूर्णभंजी

(3) अंशभंजी और बिम्बाभ

(4) सतही

49. मानव सहित सभी अपरास्तनियों के अण्डाणु होते हैं

(1) अपीतकी

(2) मध्यपीतकी

(3) अतिपीतकी

(4) केन्द्रपीतकी

50. निम्न में से कौन से जन्तुओं में द्विअरीय विदलन प्रतिरूप पाया जाता है ?

(1) ऐनेलिडा में

(2) मोलस्का में

(3) इकाइनोडर्म्स में

(4) टीनोफोरा में

46. 'Blind Spot' is present in frog's eye. Which of the following is incorrect for 'Blind Spot' ?

(1) it lacks rods

(2) it lacks cones

(3) does not form an image

(4) forms distinct image

47. Synsacrum in fowl consists of

(1) 12 fused vertebrae

(2) 24 fused vertebrae

(3) 16 fused vertebrae

(4) 10 fused vertebrae

48. In polylecithal eggs, cleavage is

(1) Equal holoblastic

(2) Unequal holoblastic

(3) Meroblastic and discoidal

(4) Superficial

49. Ova of all placental mammals including human are

(1) alecithal

(2) mesolectithal

(3) polylecithal

(4) centrolecithal

50. In which of the following animals Biradial cleavage pattern is found ?

(1) Annelids

(2) Molluscs

(3) Echinoderms

(4) Ctenophora

51. क्रेन्द्रपीतकी अण्डों में किस प्रकार का विदलन पाया जाता है ?
(1) पृष्ठीय विदलन
(2) अंशभंजी विदलन
(3) असमान पूर्णभंजी विदलन
(4) समान पूर्णभंजी विदलन

52. किस प्रकार के कोरक में कोरकगुहा में पीतक भरा होता है ?
(1) परिकोरक
(2) प्रगुहीकोरक
(3) उभयकोरक
(4) बिम्बकोरक

53. आद्यंत्र का निर्माण परिवर्धन की किस अवस्था में होता है ?
(1) कोरकभवन
(2) अंगभवन
(3) कन्दुकन/गेस्टुलाभवन
(4) विदलन

54. नोटोकोर्ड का निर्माण होता है
(1) एक्टोडर्म से
(2) एण्डोडर्म से
(3) मीसोडर्म से
(4) मीजेन्काइम से

55. चूजे के अण्डे में प्रथम विदलन होता है
(1) रेखांशिक
(2) विषुवत रेखीय
(3) उदग्र
(4) अंक्षाशीय

51. Which type of cleavage is found in centrolecithal eggs ?
(1) Superficial cleavage
(2) Meroblastic cleavage
(3) Unequal holoblastic cleavage
(4) Equal holoblastic cleavage

52. In which type of blastula, blastocoel is filled with yolk ?
(1) Periblastula
(2) Coeloblastula
(3) Amphiblastula
(4) Discoblastula

53. Formation of archenteron occurs in which of the following stages of development ?
(1) Blastulation
(2) Organogeny
(3) Gastrulation
(4) Cleavage

54. Notochord develops from
(1) Ectoderm
(2) Endoderm
(3) Mesoderm
(4) Mesenchyme

55. First cleavage in Hen's egg is
(1) Meridional
(2) Equitorial
(3) Vertical
(4) Latitudinal

56. निम्न में से कौन सा स्तनियों में अपरान्यास का कार्य नहीं है ?

(1) परानिस्यंदक द्वारा पदार्थों का विनिमय

(2) वसा, ग्लाइकोजन और लौह का संग्रहण

(3) यह प्रोटीन्स के उपापचय में भाग लेता है ।

(4) यह वसा उपापचय में भाग लेता है ।

57. चूजे के परिवर्धन में "हाइपोब्लास्ट" का निर्माण होता है

(1) एक्टोडर्म से

(2) मीसोडर्म से

(3) एक्टोडर्म एवं मीसोडर्म से

(4) एण्डोडर्म से

58. मेंढक के भ्रूण में लम्बर एवं पुच्छ आनमन का निर्माण कब होता है ?

(1) 48 घण्टे प्रवस्था

(2) 36 घण्टे प्रवस्था

(3) 72 घण्टे प्रवस्था

(4) 96 घण्टे प्रवस्था

59. चूजे के कितने दिन के सेवन के बाद चोंच निर्मित होती है ?

(1) 4था दिन

(2) 5वाँ दिन

(3) 6वाँ दिन

(4) 14वाँ दिन

60. सोमेटोप्लूर से कौन सी झिल्ली का निर्माण होता है ?

(1) एम्निओन और कोरिओन

(2) कोरिओन और एलेन्टोइस

(3) योक सेक और एलेन्टोइस

(4) एम्निओन और एलेन्टोइस

56. Which of the following is not a function of Placenta in mammals ?

(1) Exchange of substance through ultra-filtration

(2) Storage of fat, glycogen and iron

(3) It participate in the metabolism of protein

(4) It participate in fat metabolism

57. The "hypoblast" in chick development is formed of –

(1) Ectoderm

(2) Mesoderm

(3) Ectoderm and Mesoderm

(4) Endoderm

58. In Hen's embryo lumber and caudal flexures develop in –

(1) 48 hrs stage

(2) 36 hrs stage

(3) 72 hrs stage

(4) 96 hrs stage

59. After how many days of incubation in chick, beak formation takes place

(1) $4^{th}$ day

(2) $5^{th}$ day

(3) $6^{th}$ day

(4) $14^{th}$ day

60. Which membrane develop from Somatopleure ?

(1) Amnion and Chorion

(2) Chorion and Allantois

(3) Yolk sac and Allantois

(4) Amnion and Allantois

61. कौन सी अतिरिक्त भ्रूणीय झिल्ली चूजे के भ्रूण में प्रघात अवशोषी के रूप में कार्य करती है तथा इसको सूखने से बचाती है ?
(1) योक सेक
(2) कोरिओन
(3) एम्निओन
(4) ऐलेन्टोइस

62. चूजे के भ्रूण में उत्सर्जन का कार्य किया जाता है
(1) एम्निओन द्वारा
(2) कोरिओन द्वारा
(3) योक सेक द्वारा
(4) ऐलेन्टोइस द्वारा

63. मेंढक के अण्डे में निषेचन के पश्चात् धूसर अर्धेन्दु के निर्माण के बाद इसकी सममिति में परिवर्तन आता है
(1) अरीय से द्विपार्श्वीय सममिति
(2) द्विपार्श्वीय से अरीय सममिति
(3) अरीय से द्विअरीय सममिति
(4) द्विअरीय से अरीय सममिति

64. मेंढक परिवर्धन के दौरान, 32 कोरकखण्ड (16 उपर वाले लघुखण्ड तथा 16 नीचे दीर्घखण्ड) का निर्माण होता है –
(1) तृतीय विदलन के कारण
(2) चतुर्थ विदलन के कारण
(3) पाँचवाँ विदलन के कारण
(4) आठवाँ विदलन के कारण

65. मेंढक परिवर्धन के गैस्ट्रुलाभवन के दौरान, सम्भावी बहिःस्तर (भावी एक्टोडर्म) के फैलाव को कहते हैं
(1) अध्यारोहण
(2) अन्तर्वलन
(3) अन्तर्वेशन
(4) अभिसरण

61. Which extra embryonic membrane in chick embryo act as shock absorber and protect it from dessication ?
(1) Yolk sac
(2) Chorion
(3) Amnion
(4) Allantois

62. Function of excretion in embryo of chick is performed by –
(1) Amnion
(2) Chorion
(3) Yolk sac
(4) Allantois

63. The formation of gray crescent after fertilization in frog's egg causes change in symmetry from
(1) radial to bilateral symmetry
(2) bilateral to radial symmetry
(3) radial to biradial symmetry
(4) biradial to radial symmetry

64. During frog development, 32 blastomeres (16 upper micromeres and 16 lower macromeres) are formed because of –
(1) third cleavage
(2) fourth cleavage
(3) fifth cleavage
(4) eighth cleavage

65. During gastrutation in frog development spreading of presumptive ectoderm is called –
(1) Epiboly
(2) Invagination
(3) Involution
(4) Convergence

66. मेंढक में, तीन जनन स्तरों से अंगों के निर्माण को मिलाएँ :

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | बहिःस्तर | i. | हृदयावरण, प्लीहा |
| B. | मध्यस्तर | ii. | नेत्र लेंस, केन्द्रीय तन्त्रिका तन्त्र |
| C. | अन्तःस्तर | iii. | यकृत, फुफ्फुस |

विकल्प :

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii |
| (2) | ii | i | iii |
| (3) | iii | ii | i |
| (4) | i | iii | ii |

67. मेंढक में भावी गुर्दा का निर्माण होता है
(1) हाइपोमियर से
(2) एपिमियर से
(3) मेसोमियर से
(4) प्रोक्टोडियम से

68. एल्बिनिज्म अलिंगसूत्री अप्रभावी उत्परिवर्तन के फलस्वरूप उत्पन्न होती है । सामान्य त्वचा वर्णकता वाले दम्पत्ति की प्रथम सन्तान (रंजकहीन) एल्बिनो है तो द्वितीय सन्तान के एल्बिनों होने की प्रायिकता क्या होगी ?
(1) 25%
(2) 50%
(3) 75%
(4) 100%

69. निम्न में से कौन बहुजीनी वंशानुगति का उदाहरण है ?
(1) फिनाइलकीटोन्यूरिया
(2) हीमोफीलिया
(3) वर्णान्धता
(4) मानव में त्वचा का रंग

66. In frog, match the formation of organs from three germinal layers –

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | Ectoderm | i. | Pericardium, Spleen |
| B. | Mesoderm | ii. | Eye lens, Central nervous system |
| C. | Endoderm | iii. | Liver, Lungs |

**Options :**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii |
| (2) | ii | i | iii |
| (3) | iii | ii | i |
| (4) | i | iii | ii |

67. In frog, future kidney is formed from
(1) Hypomere
(2) Epimere
(3) Mesomere
(4) Proctodaeum

68. Albinism is caused by a autosomal recessive mutation. For a couple with normal skin pigmentation, the first child was an albino, then what would be the probability of their second child to be an albino ?
(1) 25%
(2) 50%
(3) 75%
(4) 100%

69. Which of the following is an example of polygenic inheritance ?
(1) Phenyl-ketonuria
(2) Haemophilia
(3) Colour-blindness
(4) Skin colour in human

70. निम्न में से कौन पिरिमिडिन द्वितीय के निर्माण को प्रेरित करता है ?
(1) ऐल्किलन कारक
(2) पराबैंगनी किरणें
(3) क्षारक अनुरूप
(4) एक्रिडीन रंजक

71. वर्णान्धता एक X-सहलग्न अप्रभावी विकार है। एक सामान्य पिता व वाहक माता की जन्मी सन्तानों में वर्णान्ध होने की प्रायिकता क्या होगी ?
(1) 1/4
(2) 2/4
(3) 3/4
(4) 4/4

72. निम्न में से कौन सा बिन्दु उत्परिवर्तन का उदाहरण है ?
(1) थैलेसीमिया
(2) हीमोफीलिया
(3) सिकल सेल रक्ताल्पता
(4) डाउन सिन्ड्रोम

73. पक्षियों, तितलियों व शलभों में लिंग निर्धारण की विधि है :
(1) XX – XY
(2) XX – XO
(3) ZZ – ZW
(4) X/A अनुपात

74. लाल हरे रंग की वर्णकअन्धता का कारण है :
(1) अप्रभावी जीन का X–गुणसूत्रों में स्थित होना।
(2) प्रभावी जीन का X–गुणसूत्रों में स्थित होना।
(3) अप्रभावी जीन का Y–गुणसूत्रों में स्थित होना।
(4) प्रभावी जीन का Y–गुणसूत्रों में स्थित होना।

70. Which of the following induces the formation of pyrimidine – dimer ?
(1) Alkylating agent
(2) UV-rays
(3) Base-analogies
(4) Acridine-dyes

71. Colour-blindness is X-linked recessive disorder. From a normal father and carrier mother, what will be the probability that born child is colourblind ?
(1) 1/4
(2) 2/4
(3) 3/4
(4) 4/4

72. Which of the following is the example of point mutation ?
(1) Thalessemia
(2) Haemophilia
(3) Sickle Cell Anaemia
(4) Down Syndrome

73. In birds, butterflies and moths, sex determination mechanism is
(1) XX – XY
(2) XX – XO
(3) ZZ – ZW
(4) X/A ratio

74. The red green colour blindness is caused due to
(1) The recessive gene located in X-chromosome
(2) The dominant gene located in X-chromosome
(3) The recessive gene located in Y-chromosome
(4) The dominant gene located in Y-chromosome

75. निम्न में से कौन "एक जीन" द्वारा विभिन्न लक्षण प्रारूप प्रभाव उत्पन्न करने की क्षमता को वर्णित करता है ?

(1) प्रबलता
(2) बहुयुग्मविकल्पता
(3) बहुप्रभाविता
(4) बहुजीनी वंशानुगति

76. इयूकेन-मस्कुलर-डिस्ट्रोपी एक लिंग सहलग्न अप्रभावी विकार है क्या कारण है कि लड़कों में यह सामान्य रूप से होता है जबकि लड़कियाँ इस रोग की वाहक व कम प्रभावित होती है ?

(1) लिंग सहलग्न गुण मादा में सामान्यता कम होते हैं ।
(2) मादा में इस प्रकार के Y-सहलग्न विकार की अभिव्यक्ति के लिए दो जीन्स की जरूरत होती है ।
(3) मादा की तुलना में नर में गुणसूत्रों का असामान्य अवियोजन सामान्य रूप से होता है ।
(4) इस विकार के लिए जीन का वहन Y-गुणसूत्र द्वारा किया जाता है ।

77. एक व्यक्ति में चार जीन्स P, Q, R, S एक गुणसूत्र पर उपस्थित हैं । गुणसूत्र पर इन जीन्स का सही क्रम क्या होगा अगर जीन्स के मध्य दूरी हैं –

P – Q = 9 सेमी, P – R = 5 सेमी
P – S = 12 सेमी, Q – R = 4 सेमी
Q – S = 3 सेमी, R – S = 7 सेमी

(1) P – Q – R – S
(2) P – R – Q – S
(3) P – S – R – Q
(4) P – S – Q – R

75. Which of the following describes the ability of a single-gene to have multiple phenotypic effects ?

(1) Epistasis
(2) Multiple allelism
(3) Pleiotrophism
(4) Polygenic inheritance

76. Duchene Muscular dystrophy is a sex-linked recessive disorder is common in boys, girls can be carrier and mildly affected. Why ?

(1) Sex-linked traits are less common in female.
(2) Female must have 2 genes to express such Y-linked recessive disorder.
(3) Non-dysjunction of chromosomes is common in males than compared to females.
(4) Gene for this disorder is carried by Y-chromosomes

77. In an individual 4 genes P, Q, R, S are present on a chromosome. What would be the correct order of these genes on chromosome if distance between genes are :

P – Q = 9 cm, P – R = 5 cm
P – S = 12 cm, Q – R = 4 cm
Q – S = 3 cm, R – S = 7 cm

(1) P – Q – R – S
(2) P – R – Q – S
(3) P – S – R – Q
(4) P – S – Q – R

78. उत्परिवर्तन जिसके द्वारा m–आर एन ए में समापन कोडोन उत्पन्न होता है
(1) फ्रेम विस्थापन उत्परिवर्तन
(2) मिससेन्स उत्परिवर्तन
(3) निरर्थक उत्परिवर्तन
(4) सुप्त उत्परिवर्तन

79. QTL के लिए कम्पोजिट–इन्टरवल मैपिंग विधि को प्रस्तावित किया
(1) लैन्डर व बोटस्टिन ने
(2) जेन्ग ने
(3) जेनसन व स्टैम ने
(4) इनमें से कोई नहीं

80. कप्पा कण संबंधित हैं :
(1) ड्रोसोफिला से
(2) पैरामीशियम–मारक विभेदों से
(3) माइटोकोण्ड्रिया से
(4) क्लेमाइडोमोनास से

81. ड्रोसोफिला में X–गुणसूत्रीय व ऑटोसोमल समुच्चय अनुपात (X : A अनुपात) अगर 0.75 है, तो इस अनुपात के लिए लक्षण प्रारूप होगा
(1) मादा
(2) मध्यलिंगी
(3) नर
(4) अधिनर

82. मेन्डेलियन द्विसंकर–संकरण में दो शुद्धवंशीय से पौधों में संकरण से $F_1$ पीढ़ी में AaBb जीन प्रारूप उत्पन्न हुआ । स्वतन्त्र अपव्यूहन व पृथक्करण के नियम को ध्यान में रखते हुए बताइए कि $F_2$ सन्तति में किस अनुपात में AaBb जीन प्रारूप प्राप्त होगा ?
(1) 3/16
(2) 9/16
(3) 1/16
(4) 4/16

78. The type of mutation which produce stop codon in mRNA is
(1) Frame-shift-mutation
